भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न सं. †*302

सोमवार, 10 अगस्त, 2026/19 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

कर्नाटक में पर्यटन परिपथों और गंतव्यों का विकास

†*302. डॉ. प्रभा मल्लिकार्जुन:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कर्नाटक में पर्यटन परिपथों और गंतव्यों के विकास के लिए 'स्वदेश दर्शन 2.0', तथा 'प्रसाद' जैसी योजनाओं और अन्य पहलों के अंतर्गत अवसंरचना संबंधी सहायता प्रदान की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो उक्त राज्य में कितनी परियोजनाएं स्वीकृत और पूरी की गई हैं;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त योजनाओं के अंतर्गत आवंटित की गई और उपयोग में लाई गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(घ) इनके अंतर्गत सड़कों, संपर्क सुविधा तथा अन्य सुविधाओं और आगंतुकों हेतु सुविधाओं सहित शामिल किए गए घटकों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या अवसंरचना संबंधी ऐसे विकास से छोटे जिले पर्याप्त रूप से लाभान्वित हो रहे हैं; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और पर्यटन संबंधी अवसंरचना में कमियों को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (च): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

डॉ. प्रभा मल्लिकार्जुन द्वारा कर्नाटक में पर्यटन परिपथों और गंतव्यों के विकास के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*302 के भाग (क) से (च) के उत्तर में **विवरण**

(क) से (च): पर्यटन स्थलों और उत्पादों की पहचान, विकास और संवर्धन का कार्य मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - एसडी 2.0 की एक उप योजना और 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से कर्नाटक राज्य सहित देश भर में पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों के विकास' नामक अपनी पहल के तहत पर्यटन परियोजनाओं के विकास हेतु राज्यों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की है। कर्नाटक राज्य में उपर्युक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में है।

उपर्युक्त योजनाओं के तहत गंतव्यों/स्थलों पर अन्य कारकों के साथ-साथ, उनकी पर्यटन क्षमता, उनके सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं विरासत संबंधी महत्व तथा उनके विकास के मौजूदा स्तर के आधार पर विकास के लिए विचार किया जाता है। इसके अलावा, इन योजनाओं में संपूर्ण भारत के विकास की परिकल्पना की गई है, ताकि, तैयार की गई सुविधाएं पर्यटक आवागमन में वृद्धि, सुगम पहुंच और आगंतुकों के लिए आधुनिक सुविधाओं सहित मूलभूत पर्यटन अवसंरचना के विकास द्वारा पर्यटन स्थलों के समग्र सुधार में योगदान दे सकें।

****

अनुबंध

डॉ. प्रभा मल्लिकार्जुन द्वारा कर्नाटक में पर्यटन परिपथों और गंतव्यों के विकास के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*302 के भाग (क) से (च) के उत्तर में **विवरण**

कर्नाटक में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(करोड़ रूपये में)

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**प्रमुख घटक**	**स्वीकृत राशि**	**प्राधिकृत राशि**	**भौतिक प्रगति**
1.	मैसूरु में पारिस्थितिक अनुभव क्षेत्र	2023-24	• प्रवेश प्लाजा • इको टॉवर • इको ब्रिज • लेक वॉक • कैनोपी वॉक • फूड प्लाजा एवं कियोस्क	18.48	1.85	50.88%
2.	मैसूरु में टोंगा राइड विरासत अनुभव क्षेत्र	2023-24	• टोंगा स्टैंड (3) • घोड़ों का अस्तबल (2) • सूचना प्रौद्योगिकी	2.72	0.27	45.05%
3.	हम्पी में 'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना	2023-24	• नोबल नूक (8) • रॉयल नूक (4) • इम्पीरियल नूक (8) • सूचना प्रौद्योगिकी	25.64	2.56	56.45%

कर्नाटक में प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(करोड़ रूपये में)

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**प्रमुख घटक**	**स्वीकृत राशि**	**प्राधिकृत राशि**	**भौतिक प्रगति**
1.	श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर, मैसूरु में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	2023-24	• **चामुंडी मंदिर परिसर में विकास** (कतार मंडपम स्ट्रेच, बहुउद्देशीय क्षेत्र और मंच, क्लॉक रूम, प्रकाश व्यवस्था) • **महिषासुर प्लाजा में तीर्थ सुविधाओं का विकास** (सुविधा ब्लॉक, प्रवेश पत्थर आर्क, प्रकाश व्यवस्था)	45.38	13.33	10.88%

			• **देवीकेरे में विकास** (पूरी सीढ़ी के लिए रेलिंग, सीढ़ियों और मंडप का सौंदर्यीकरण) • **नंदी प्रतिमा मंडप विकास** (कतार मंडपम, पेवर क्षेत्र विकास) • **देवी पद पुनर्विकास** (सीढ़ी और मंडप का सौंदर्यीकरण, पूरी सीढ़ी के लिए रेलिंग) • सीसीटीवी, पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम, मेटल डिटेक्टर, बैग स्कैनर, पीपल काउंटर समाधान			
2.	श्री रेणुका येल्लम्मा मंदिर, सौंदत्ती, बेलगावी का विकास	2024-25	• तीर्थयात्रियों के आगमन केंद्र का निर्माण • **तीर्थयात्रियों के लिए प्रतीक्षा क्षेत्र का निर्माण** • **तीर्थयात्रा सूचना केंद्र (3)** • **कैंटीन या कैफेटेरिया का निर्माण** • तीर्थयात्रियों के लिए प्राथमिक चिकित्सा केंद्र • सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण और स्थापना (2) • शौचालय से एसटीपी तक बाहरी पाइपलाइन • सौर पैनल स्थापना • स्मार्ट डिस्प्ले • सूचनात्मक और दिशात्मक संकेत • **भूदृश्यांकन** • पाथवे	18.37	–	0%
3.	पापनाश मंदिर, बीदर जिले का विकास	2024-25	• जूता स्टैंड क्षेत्र, क्लॉक रूम और शौचालय ब्लॉक • पार्किंग क्षेत्र का विकास • जात्रा कॉम्प्लेक्स (प्रसाद की दुकानें)	22.25	6.30	22.82%

			• तालाब के पास चेंजिंग रूम • तालाब क्षेत्र का उन्नयन • प्रसाद निलय • सांस्कृतिक और मनोरंजन केंद्र • सार्वजनिक सुविधा • अन्ना दसोहा बिल्डिंग • 1 लाख लीटर क्षमता वाली पानी की टंकी और पंप हाउस • सीढ़ियाँ और पैदल मार्ग • लैंडस्केप संबंधी कार्य • मुख्य प्रवेश द्वार • कंपाउंड वॉल और कांटेदार बाड़ का निर्माण • एसटीपी इकाई और प्लंबिंग कार्य • संकेतक बोर्ड • सीसीटीवी प्रणाली			

कर्नाटक में सीबीडीडी योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(करोड़ रूपये में)

क्र. सं.	**गंतव्य**	**स्वीकृति वर्ष**	**अनुभव का नाम**	**प्रमुख घटक**	**स्वीकृत राशि**	**प्राधिकृत राशि**	**भौतिक प्रगति**
1.	बीदर (संस्कृति एवं विरासत)	2025-26	बीदर का एक विरासत पर्यटन स्थल के रूप में विकास	• हेरिटेज वॉक • ईवी बग्गी शटल • व्यवस्थित पार्किंग • ट्री कैनॉपी प्लाजा • पेयजल कियोस्क • कथा वाचन कियोस्क • हेरिटेज लाइटिंग • भूनिर्माण और सिंचाई **पापनाश झील पर कार्य** • शौचालय ब्लॉक • टिकट संख्या कियोस्क • खाद्य कियोस्क • वॉच टावर	25.00	2.50	0%

				• स्मारिक दुकानें • इंटरैक्टिव साइनेज • ज़िप लाइन और हाई व लो रोप कोर्स • चिल्ड्रन पार्क • फॉरेस्ट ट्रैल • साइकिल ट्रैक- 1.5 किमी			

कर्नाटक में एसएएससीआई योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(करोड़ रूपये में)

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**प्रमुख घटक**	**स्वीकृत राशि**	**प्राधिकृत राशि**	**भौतिक प्रगति**
1.	बेंगलुरु के तातागुनी स्थित रोएरिच एवं देविका रानी एस्टेट में इको-पर्यटन एवं सांस्कृतिक हब	2024-25	• प्रवेश प्लाजा • आवासीय प्लाजा • वाटरफ्रंट प्लाजा • परफ्यूम गार्डन • इको-पर्यटन • सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट	99.17	131.45	10.45%
2.	बेलगावी में सवदत्ती यल्लम्मगुड्डा का विकास	2024-25	• कतार परिसर • पार्किंग सुविधा (300 कारें) • अन्ना दोसाहा कॉम्प्लेक्स • हॉकर जोन • व्याख्या केंद्र/एडमिन ब्लॉक/ कमांड कंट्रोल सेंटर	100.00	–	0%

****